तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 लोकसभा चुनाव के लिए बनीं रणनीति



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 10 वीं 12 वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का समय-सारणी जारी कर दिया है। जारी निर्देश के अनुसार हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 2 मार्च 2024 से शुरू होकर 21 मार्च 2024 को समाप्त हो जाएगी, वहीं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च 2024 को समाप्त हो जाएगा। उक्त दोनों परीक्षाएं अपने निर्धारित तिथि को सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त दोनों बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हिन्दी विषय से परीक्षा की शुरूआत होगी, इसके पूर्व विद्यालयों में आगामी माह जनवरी से बोर्ड परीक्षा के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित होना शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के कई विद्यालयों में अभी कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। चुनाव कार्य के चलते विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित हुआ, इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जल्द कोर्स पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अविभाजित कोरिया जिले में 150 अमृत सरोवर बने

**बैकुण्ठपुर।** जल है तो कल है इस ध्येय की अवधारणा के साथ भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मिशन अमृत सरोवर आरंभ किया गया। इसके तहत अविभाजित कोरिया जिले में कुल 150 अमृत सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया। अविभाजित कोरिया जिले में कुल पांच जनपद पंचायतों की भौगोलिक स्थिति असमतल व पहाड़ी होने के कारण निर्धारित क्षेत्रफल अनुसार भूमि का चयन व पुराने सरोवर का चयन करने में कुछ दिक्कतें आई, इसके बाद लक्षित 150 सरोवर में कराए जाने वाले कार्यों का चिन्हांकन कर पहले ग्रामीणों की सहमति से जिम्मेदारी तय की गई और सभी कार्यों के लिए के बाद तकनीकी प्रस्ताव बनाकर सभी कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### एसडीएम अंकिता ने की कार्रवाई, लगातार जारी है प्रशासनिक कार्रवाई

# अवैध धान खपाते 390 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में इन दिनों अवैध धान भंडारण और परिवहन की सूचना पर प्रशासनिक अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार की अलसुबह एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम की उपस्थिति में राजस्व अमले द्वारा 390 बोरी अवैध धान जब्त की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार भाड़ी निवासी रामकृष्ण साहू द्वारा वाहन में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर राजस्व अमले की टीम यहां पहुंची। पूछताछ करने के दौरान वाहन चालक द्वारा धान के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में धान और गाड़ी को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि दो पिकअप वाहनों में 390 बोरी धान लोड था, इसके बाद वाहन चालकों से धान में बारे में पूछा गया। दोनों गाड़ी के चालकों द्वारा ठीक से जवाब नहीं दिया गया। मालिक से बात की गई, लेकिन चालक और ⏭ शेष पेज 4 पर



एसडीएम के मौजूदगी में जब्त किए गए धान।

### पंडो किसान के खाते में धान खपाने की थी सूचना

28 दिसंबर को बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम को भाड़ी निवासी राम कृष्ण साहू द्वारा दो पिकअप वाहन में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर अधीनस्थ कर्मियों के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक पीवीटीजी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पंडों किसान के खाते में अवैध रूप से खपाने ले जाया जा रहा था। वाहन व 390 बोरी धान को जब्त कर सील की गई और थाना भेजा गया। पंडों के घर में जांच पंचनामा कर जानकारी दी गई कि अब तक धान घर में रखा गया है, विक्रय के लिए नहीं ले जाया गया है।

### 2 दिन पहले भी हुई थी कार्रवाई

विदित हो कि 2 दिन पहले बैकुंठपुर के मेर्सस मोहित राइस मिल में अवैध धान भंडारण व परिवहन की सूचना मिलने के बाद एसडीएम सुबह 4:30 बजे कार्रवाई की थी। धान को अवैध तरीके से खपाने की तैयारी के बाद प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर को कब्जे में कर मोहित राइस मिल को सील करने की कार्रवाई भी की गई थी। लगातार कार्रवाई के बाद उपार्जन केन्द्रों में धान खपाने वाले बिचौलियों में कमी आने की बात कही जा रही है।

### कोर्ट में होगी मामले की सुनवाई

गुरुवार की सुबह 5 बजे एसडीएम बैकुंठपुर अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की है। इस मौके पर उपस्थित राजस्व अमले ने धान की बोरियों समेत वाहनों को भी जब्त कर लिया है। जब्ती के बाद वाहनों को थाने भेजा गया है। धान समेत पिकअप वाहन को भी जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि अब इसकी सुनवाई कोर्ट में होगी, इसके बाद ही गाड़ी और धान को रीलिज किया जा सकता है।



कार्यक्रम में उपस्थित केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

## प्रत्येक व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ: श्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिले तीन जनपदों के 6 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

जिले के तीन जनपद पंचायत इसमें मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत कोथारी, सिरौली, सोनहरी तथा सलवा, विकासखंड़ भरतपुर के ग्राम पंचायत ओहनिया एवं सेमरिहा तथा विकासखंड़ खड़गवां के ग्राम पंचायत दुबछोला तथा भुकभुकी पहुंचा। भुकभुकी ग्राम पंचायत के शिविर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हुए। ग्राम पंचायत भुकभुकी में इस दौरान मंत्री ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ का पंचायत स्तर पर गठित स्वागत तथा उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने रथ के माध्यम प्रधानमंत्री का संदेश सुनाए उसके बाद संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्री जायसवाल बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की ब्लैक शिप योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, इसमें आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण, विश्वकर्मा योजना, पीएम आवास योजना, सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंच रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। जिले में चिन्हित किए गए स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मंत्री ने हितग्राहियों को कैलेण्डर, टोपी, तथा टी-शर्ट का वितरण किया। मंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत भुकभुकी को ओडीएफ प्लस होने पर प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान बैकुंठपुर जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री ने कार्यक्रम उपस्थित लोगों को भारत विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

■ शिविर में शामिल हुए केबिनेट मंत्री

## जनदर्शन में वृद्धा पेंशन, नल कनेक्शन जैसे आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वनमंडलाधिरी लोक नाथ पटेल की उपस्थिति में अपर कलेक्टर अनिल सिदार तथा संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा ने समय-सीमा की संयुक्त बैठक ली। समय-सीमा के बैठक पश्चात जनदर्शन के आवेदनों में पैतृक संपत्ति में दावेदारी के लिए, राजस्व रिकार्ड में नाम जुड़वाने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, नल कलेक्शन, बकाया भुगतान जैसी मांग थी।

आवेदक मनेन्द्रगढ़ की श्रीमती ज्ञान देवी गुप्ता ने वृद्धा पेंशन, दर्रीटोला की रामपति ने जमीन संबंधी, माला बाई ने विधवा पेंशन, एकता नगर खोंगापानी के चंद्रबली ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बकाया भुगतान के लिए, चनवारीडांड़ की लीलावती ने खाद्यान्न के लिए, खोंगापानी के विवेक चतुर्वेदी ने नियम विरूद्ध कार्य करने संबंधी आवेदन दिए, इसके साथ ही समस्त वार्डवासी वार्ड क्रमांक 1 ⏭ शेष पेज 4 पर



जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे आवेदक।

## महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनीं लालमुनी



**बैकुण्ठपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवधारी यादव एवं राजकुमार यादव तथा कोरिया अध्यक्ष सुशील कुमार के अनुशंसा पर नपाध्यक्ष शिवपुर चरचा श्रीमती लालमुनी यादव को अखिल भारतवंशी यादव महासभा के महिला मोर्चा अध्यक्ष जिला कोरिया के पद पर नियुक्त किया है। इस आशय का आदेश अखिल भारतवंशी यादव महासभा के सरगुजा संभाग अध्यक्ष परमानंद यादव ने जारी कर निर्देशित किया है कि शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें, जिससे कि अनुमोदन पश्चात जारी किया जा सके।



28- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/28/2023 8:28 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मरम्मत का कार्य जारी, वाहनों को बिर्रा पुल से किया परिवर्तित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले महानदी पुल में मरम्मत का कार्य चल रहा है। महानदी पुल में भारी वाहनों का आवागमन, यातायात दबाव एवं जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले मार्ग को परिवर्तित किया है। इस दौरान उन्होंने से संबंधित विभाग को शिवरीनारायण एवं गिधौरी के तरफ के चारपहिया वाहन को बिर्रा पुल के तरफ से परिवर्तन, शिवरीनारायण एवं बलौदा बाजार तरफ आने वाले वाहन को परिवर्तित मार्ग बिर्रा पुल से आवागमन किये जाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा मार्ग परिवर्तन की सूचना हेतु फ्लेक्स एवं बोर्ड लगाये जाने, परिवर्तित स्थल पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने, लाल झण्डा एवं रेडियम जैकेट पहनकर ड्यूटी कराये जाने, पुल पर सुरक्षा रैलिंग, साईन बोर्ड, सुरक्षा सूचक बैनर, एवं पर्याप्त स्टापर रखे जाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बालगृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

### रबी फसल के लिए 10 जनवरी से मिलेगा पानी

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### युवक पर प्राणघातक हमला एक गिरफ्तार, दो फरार

**जांजगीर-चांपा।** आपसी रंजिश के चलते युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले के दो अन्य आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। घटना सक्ती के बुधवारी बाजारी की है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 26 दिसंबर की है। ग्राम टेमर निवासी राजूलाल सक्ती स्थित बुधवारी बाजार के पास आया था। इस बीच ग्राम नंदेली निवासी राहुललाल यादव उम्र 20 वर्ष एवं उसके दो अन्य साथियों द्वारा राजूलाल पर लाठी डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया था। इस बात की रिपोर्ट प्रार्थी ने सक्ती थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 323, 294, 506, 34, 307 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई थी। इस मामले में फरार आरोपियों की पुलिस लगातार पतासाजी में जुटी रही। इस मामले में आरोपी राहुललाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने किया सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण

# मुख्यमंत्री साय के प्रथम आगमन पर जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात गुरूवार को प्रथम जशपुर आगमन हुआ। उन्होंने शहर के कॉलेज रोड में बस स्टैंड के समीप नवनिर्मित सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय हेलीपैड से खुली गाड़ी में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते लोकार्पण स्थल तक पहुंचे।

जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के मुख्यमंत्री बनने पश्चात जशपुर आगमन पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। नगरवासियों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान ग्राम चड़िया के उरांव समाज के करमा नर्तक दलों द्वारा मांदर की ताल पर सुंदर करमा नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दीक्षा उपरांत जैन आचार्य सौरभ के 28 वर्षों पश्चात वर्ष 2012 में जशपुर आगमन के समय उनके द्वारा प्रवेश द्वार की नींव रखी गई थी। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों होने पर नगरवासियों में खुशी की लहर छा गई। इस द्वार का निर्माण राजस्थान के लाल पत्थर से हुआ है। नगरपालिका ने पार्षद मद से 8 लाख रूपये की लागत से सौरभ सागर द्वार का निर्माण कराया है। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के मुख्यमंत्री के हाथों होने को लेकर भी शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सौरभ महाराज ने जैन आचार्य बनकर पूरे अंचल को गौरान्वित किया है। उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया है।

#### श्री सौरभ सागर का जैन मुनि बनने का सफर

आचार्य सौरभ सागर महाराज (सुरेन्द्र जैन) का जन्म जशपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्रीपाल के घर 22 अक्टूबर 1970 को हुआ था। महज साढ़े 12 साल की उम्र में आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज से दीक्षा लेकर आध्यात्म की दुनिया में प्रवेश कर गए। 10 अप्रैल 2022 को कठिन साधना के बाद द्रोणगिरी में आचार्य पद पर आसिन हुए।



खुली गाड़ी में अभिनंदन स्वीकार करते सीएम साय।

### बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगर प्रवास के दौरान बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान बालाजी का आशीर्वाद लेकर कथा में मौजूद लोगों को संबोधित किया। श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मां चंडी, मां खुड़िया रानी, स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के आशीर्वाद से जशपुर के इस बेटे को सीएम के रूप में काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रथम जशपुर आगमन पर बालाजी भगवान, खुड़िया रानी एवं सभी जशपुरवासियों को प्रणाम करता हूं। आपके आशीर्वाद से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस पद की जिम्मेदारी अच्छे से निभा पाऊं यह सब आपके आशीर्वाद से ही संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने सभी को प्रणाम करते हुए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत एवं श्रीमती गोमती साय, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

### साय ने जिले को दी लाखों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिले में 11099.27 लाख रुपए का सौगात दिया। इसमें कुल 182 लोक कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें लोकापर्ण के 53 कार्यों के लिए 3264.93 लाख एवं भूमिपूजन 129 कार्यों के लिए 7834.34 लाख के कार्य शामिल है। इनमें जशपुर विधानसभा में 5698.25 लाख के कुल 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा के 4050.16 लाख के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा के 1350.86 लाख के कुल 35 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण के कार्य में विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 02 कार्य, कृषि विभाग के 3 कार्य, नगरपालिका परिषद जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 3 कार्य और लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वि.या.लाईट मशीनरी नलकूप, गेट उप संभाग अम्बिकापुर के 01 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग के 01 कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य, छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभि. जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य, नगर पंचायत कुनकुरी के 01 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य और आदिवासी विकास विभाग के 01 कार्य शामिल हैं।



### साय के प्रथम आगमन को लेकर उत्साहित रहे जशपुरवासी



मुख्यंमंत्री बनने के बाद अपने गृह जिले में प्रथम आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्थानीय हैलीपेड में हुआ आत्मीय स्वागत किया गया। । पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ,पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग कृष्ण कुमार राय,जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, आईजी सरगुजा अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया आत्मीय स्वागत।

■ शहर के चौक चौराहों में स्वागत द्वार लगा अभिनंदन को आतुर रहे नागरिक

### मुख्यमंत्री ने किया जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को जिला मुख्यालय में रणजीता स्टेडियम के समीप स्थापित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचने पर ग्राम कोमड़ो एवं बुमतेल से आए पारंपरिक सरहुल और कर्मा नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत और श्रीमती गोमती साय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, राजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। 8 मार्च 1949 को जशपुर के तत्कालीन शाही परिवार में जन्में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव बेहद सहज, सरल और विनम्र स्वभाव के थे। जशपुर वासियों के साथ उनके गहरे आत्मीय संबंध थे। खासकर जनजातीय समुदाय के बीच वे काफी लोकप्रिय रहे। श्री जूदेव के पिता स्वर्गीय राजा विजय भूषण सिंह देव जशपुर के अंतिम शासक थे। स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव तीन बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रहे। वह प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में पर्यावरण और वन राज्य मंत्री भी थे।



■ मुख्यमंत्री श्री साय और श्री जूदेव की गहरी आत्मीयता रही

### आवक टोकन कटाने से लेकर तौल कराने तक हलाकान हो रहे किसान

# धान खरीदी में तेजी आने के साथ ही केन्द्रों में बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खून पसीने की कमाई धान को समर्थन मूल्य पर बेचने किसानों को इन दिनों ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। शासन प्रशासन के तमाम दिशा निर्देशों के बावजूद खरीदी केन्द्रों में किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे है। स्थिति यह है कि टोकन कटवाने से लेकर बारदाना हासिल करने और तौल कराने तक किसानों को कई दिनों तक केन्द्र प्रभारी, ऑपरेटर और हमाल तक के आगे गिड़गिडाना पड़ रहा है।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में दिसंबर महीने में ही धान खरीदी में गति आती है। वर्तमान में जिले के खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ पहुंच रही है। इसके साथ ही वहां व्याप्त अव्यवस्था और समस्याओं के चलते किसानों को सुबह से शाम तक केन्द्र प्रभारी से लेकर हमाल तक के आगे मिन्नतें करनी पड़ती है। इसके बाद भी टोकन नहीं कटा तो दूसरे- तीसरे दिन फिर से वहीं काम होता है। जैसे तैसे टोकन कट जा रहा है तो आगे बारदाना मिलने से लेकर तौल कराने तक में किसानों की ऐड़ियां घिस जा रही है। दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में धान खरीदी में अब गति आने लगी है। केन्द्रों में किसान सैकड़ों की तादाद में पहुंच रहे है। जहां सबसे पहले आवक टोकन लेने में उन्हें मशक्कत करनी पडती है। जैसे तैसे आवक टोकन कट जाए तो निर्धारित तिथि में धान पहुंचाकर तौल कराने की चुनौती होती है। खरीदी केन्द्रों में कहने को तो प्रभारी के अलावा जिम्मेदार अधिकारी भी होते है, लेकिन पूरा का पूरा दारोमदार हमालों पर टिका होता है। केन्द्र प्रभारी से बात बन भी जाए तो हमालों से धान तौल करा पाना सहज नहीं होता। ऐसे में किसानों को हर जगह परेशानी तो हो रही है, ऊपर से जेबे भी ढीली करनी पड़ती है। इस तरह की समस्या जिले के नवागढ़, किरीत, नेगुरडीह, तुलसी, मिसदा, केरा सहित अधिकांश खरीदी केन्द्रों में देखने को मिल रही है। किसानों ने बताया कि यहां सर्वाधिक परेशानी फड़ पर लाए गए धान को पलटने के लिए बारदाना लेने में होती है। इसके बाद तौल कराने के लिए भी हमालों के सामने मिन्नते करनी पडत है। इसके अलावा व्यापारियों, बिचौलियों सहित रसूखदारों का काम आसानी से हो जाता है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र के कई केन्द्रों में हमालों का राज चल रहा है।



# बोनस आते ही जिला सहकारी बैंकों में टूट पड़ी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

2 साल का बकाया बोनस राशि पाने इन दिनो बैंको में किसानो की कतार नजर आ रही है। खासबात यह है कि जिला सहकारी के कई बैंको में राशि नही होने का हवाला देकर किसानो को दुसरे दिन बैंक राशि लेने आने कहा जा रहा है।

अभिवाजित जिले में 2 साल का बकाया बोनस राशि दिया जाना है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांजगीर जिले के 1 लाख 9 हजार 817 किसानो को 2 साल का बकाया बोनस करीब 189 करोड 86 लाख दिया जाना है। वही किसानो के बैंक खातो में राशि सोमवार 25 दिसम्बर को डाल दी गई है। इसी प्रकार सक्ती जिले के 97 हजार 779 किसानो के बैंक खातो में 2 साल का बकाया बोनस 1 अरब 80 करोड से अधिक की राशि किसानो के बैंक खातो में जमा करा दी गई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जांजगीर एंव सक्ती जिले के करीब 2 लाख 7 हजार 596 किसानो के बैंक खातो में 3 अरब 70 करोड रूपए से अधिक की राशि किसानो के बैंक खातो में जमा कर दी गई है। जिसे पाने दोनो जिलो के किसान इन दिनो कडी मशकक्त कर रहे है। जांजगीर चाम्पा एंव सक्ती जिले को मिलाकर करीब 20 से भी अधिक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको का संचालन किया जा रहा है। वही कई बैंको में तो राशि की कमी का हवाला देकर किसानो को दुसरे दिन बकाया बोनस राशि लेने आने कहा जा रहा है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक के नोडल अफसर रेशमलाल तिवारी का कहना है कि बैंकों में किसानों को बोनस राशि पाने में किसी तरह की परेशानी ना हो, इसे लेकर शाखा प्रबंधकों को आदेशित किया गया है।



### 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीभांठा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना अकलतरा क्षेत्र मे अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 26 दिसंबर को मुखबिर सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के पोडीभाठा अकलतरा का बहादुर सिह के द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया तो जिसके कब्जे से नीले रंग के जरिकेन मे करीब 50 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6 हजार रूपया मिला। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर 26 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टी.एस. पट्टावी, महिला आरक्षक अनिता पाटले, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राघवेन्द्र धृतलहरे, शेषनारायण साहू का योगदान रहा



### यातायात अमले ने की ट्रैक्टरों की जांच, रिफ्लेक्टर नहीं होने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रेक्टर वाहनों में रिफलेक्टर ग्लास नही लगाने वाले वाहन चालकों तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 49 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। उनसे 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

ज्ञात हो कि जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। मुलमुला में 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 42 सौ का समन शुल्क, थाना सारागांव में 3 वाहन चालकों से 9 सौ व यातायात पुलिस द्वारा 32 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 15 हजार का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु चालकों को समझाईस दी गई।



### ग्रामवासियों को आने जाने में करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

# निकासी नहीं होने से गलियों में बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

बाड़ापारा का मुख्य मार्ग में घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नाली नही होने के कारण लोगो की अच्छी खासी परेशानी बढ़ गई है। अधिकारी और जनप्रतिंनिधि की लापरवाही की वजह से आज भी बाड़ापारा के लोग कीचड़ में चलने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत तुस्मा के बाडापारा की गलियों में नाली नही होने के कारण घरों का गंदा पानी के लिए नाली निर्माण नही होने से गली में ही निकासी हो रहा है। इसके कारण कीचड़ में ही लोगो को आने जाने में भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। जिससे संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई बार जनप्रतिनिधि को खबरों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। उसके बावजूद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सुध तक नही ले रहे है और नही ग्राम सचिव तक को भी गांव की समस्या से कोई लेना देना है। ग्रामीणों द्वारा गांव की पंचायत प्रमुखों से कई बार नाली निर्माण करने की मांग किया जा चुका है। लंबे समय बीत जाने के बाद भी जनप्रतिंनिधि अब भी उदासीन नजर आ रहे है। बाड़ापारा मोहल्ला के घरों के पानी का निकासी गली में होने के कारण लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है इसके साथ ही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बाडापारा में आजतक नाली निर्माण नही होने से ग्रामवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।





बाड़ापारा के मुख्य मार्ग में भरा गंदा पानी।

### कुम्हारीकला सरपंच के खिलाफ 12 पंचों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत कुम्हारीकला सरपंच के खिलाफ 12 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जिस पर शुक्रवार 29 दिसंबर को 11 बजे ग्राम पंचायत भवन कुम्हारीकला में मतदान होगा। इस बीच सरपंच अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब हो पाते है कि नहीं मतदान के दिन पता चलेगा। इधर मतदान को लेकर आवश्यक तैयारी पीठासीन अधिकारी की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में 14 वार्ड है। जिसमे अनियमितता को लेकर यहाँ 12 वार्डो के पंचों ने एक जुट होकर सरपंच अरुण कुमार गबेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के उच्चाधिकारियों के पास आवेदन दिया गया था। जिससे सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए ( नीरनिधि नन्देहा ) विहित प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) चाम्पा के द्वारा 29 दिसम्बर शुक्रवार को समय प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन कुम्हारीकला में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में 14 के 12 पंचों ने एक जुट होकर सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।



खबर संक्षेप

## मंजुला को दिल्ली में मिलेगा कबीर कोहिनूर सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** मंजुला कौरव अंशिवा को दिल्ली में कबीर कोहिनूर सम्मान से नवाजा जाएगा। दिव्य



प्रेरक कहानियां मानवता अनुसंधान के द्वारा देशभर से चयनित 100 उम्मीदवारों में छग से सुश्री मंजुला कौरव का चयन कबीर कोहिनूर सम्मान के लिए किया गया है। संत श्री कबीर साहेब के 506 में महानिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अंतरराष्टीय हाल जनपथ रोड में आयोजित होगा। आयोजन कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान के भारत भूषण महंत डॉक्टर नानक दास महाराज के नेतृत्व में 25 फरवरी 2024 को किया जाएगा।

## झूठी शिकायत करने पर कार्रवाई की मांग

**जनकपुर।** भरतपुर ब्लाक के व्हाट्सअप ग्रुप एवं उच्चाधिकारियों को झूठी शिकायत करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पीड़ति महिला बुधवार को पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रेमकला ने बताया कि वर्ष 2022 में मेरी नियुक्ति ब्लाक भरतपुर के ग्राम कन्नौज में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के पद पर हुई है, तब से ग्राम कन्नौज निवासी दयाशंकर पतवार मेरे खिलाफ उच्चाधिकारियों के पास शिकायत करता है।

निधन

## भरत मिश्रा

**बैकुण्ठपुर।** चिरमिरी हल्दीबाड़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार भरत मिश्रा



का आकस्मिक निधन एक सड़क हादसे में 27 दिसंबर को हो गया। वे करीब 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को हल्दीबाड़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र जितेन्द्र मिश्रा व पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## साजिद खान

**बैकुण्ठपुर।** मनेन्द्रगढ़ निवासी युवा पत्रकार साजिद खान का आकस्मिक निधन 28 दिसंबर को



इलाज के दौरान रायपुर में हो गया। वे करीब 46 वर्ष के थे। साजिद बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मौहारपारा स्थित कब्रिस्तान में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### जिपं सीईओ व संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों से किया आह्वान

# विकसित भारत का संकल्प लेकर गांव-गांव में पहुंच रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने निर्धारित रूट के अनुसार पहुंच रही है। इसके लिए बकायदा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यात्रा के पड़ाव पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इस संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर यह अभियान यात्रा के तौर पर प्रारंभ किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस यात्रा के माध्यम से प्रत्येक केन्द्रीय योजना के पात्र हितग्राही का पंजीयन कर पूरे क्षेत्र को संतृप्त करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। योजनाओं का लाभ पाने लायक प्रत्येक व्यक्ति तक योजना पहुंचे इसी महती उद्देश्य के साथ यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव तक जा रही है।

कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीकरण का लाभ दिया जा रहा है साथ ही उनके पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण आजीविका मिशन, वंचितों के लिए सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना जैसी सभी योजनाओं के पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सुपोषण योजना, पीएम किसान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी सीधे पंजीयन कर पात्रों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। कोरिया जिले वासियों से इस यात्रा में जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने आगामी दिनों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी रूट की जानकारी साझा की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन 29 दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मझगवां और दूसरे पाली में दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत नरकेली में उपलब्ध रहेगा, जहां ग्राम पंचायत भवन परिसर में विभागीय अधिकारी आमजन की सुविधा व योजनाओं के पंजीयन के लिए उपस्थित रहेंगे। वहीं 29 दिसंबर को ही जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी और दूसरे पाली में ग्राम पंचायत पुसला में यह यात्रा आयोजित की जा रही है। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत 30 दिसंबर को ग्राम पंचायत कछार में प्रथम पाली में तथा ग्राम पंचायत मधला में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने मिशन मोड में करें कार्य



**सोनहत।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत सोनहत ने जनपद पंचायत सभा कक्ष में प्रधान मंत्री आवास योजनांतर्गत स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराने गुरुवार को तकनीकी सहायकों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों की पंचायत वार समीक्षा की। विदित हो कि विकासखंड सोनहत अंतर्गत वर्ष 2018 से 2022-23 तक 6251 आवास स्वीकृत हुए हैं, इसमें 2030 आवास अपूर्ण है। अपूर्ण आवास को पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों से सतत संपर्क स्थापित कर प्रगति लाने निर्देश दिए। तृतीय किश्त प्राप्त आवास जो टॉप लेवल में है उसे 7 दिवस के भीतर पूर्ण कराने मिशन मोड में काम करें। वर्तमान में किन्ही कारणों से आवास निर्माण कार्य बंद है, उसे तत्काल चालू कराएं। बार-बार बोलने पर भी काम बंद आवास जिसे हितग्राही चालू नहीं करता है तो तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव रोजगार सहायक एवं मेट की गठित टीम द्वारा समझाइश दी जाए, तथा मौके पर पंचनामा तैयार कराए, यदि 7 दिवस में भी कार्य चालू नहीं करता है, तो कार्य चालू करने नोटिस जारी करें। गबन वाले प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए ,जिससे वसूली की कार्रवाई की जा सके। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत नाडेप टांका व्यक्तिगत-सामुदायिक शौचालय नरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्य, तीन एसएलडब्लू सेंटर, तीन अपूर्ण नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र को माह जनवरी 2024 तक पूर्ण करने निर्देश दिए गए।



स्थापना दिवस पर उपस्थित कांग्रेसी ।

## लोकसभा चुनाव के लिए बनीं रणनीति

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान सभी कांग्रेसी एक साथ मिलकर कांग्रेस को मजबूत बनाने एवं आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में विजय बनाने का आह्वान किया। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष समस्त कांग्रेसजन 28 दिसंबर को कांग्रेस की स्थापना दिवस के रूप में धूम धाम के साथ मनाया गया और सभी कांग्रेस परिवार को बधाई दी गई। कांग्रेस परिवार उत्साह दिखाते हुए सबका एक आवाज था जनता के लिए जनता की आवाज बनकर संघर्ष करते रहेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है, कांग्रेस पार्टी एक राजनीतिक पार्टी के साथ एक विचारधारा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, जिला प्रवक्ता सौरभ गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ,शैलेन्द्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लालमुनि यादव, साधना जायसवाल, कोरिया जिले के सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ता, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, पंचायत, नगरीय निकाय, ब्लॉक ग्रामीण शहर के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी काफी संख्या में उपस्थिति रहे।

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 139 वां स्थापना दिवस मना

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए माल्यार्पण

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 28 दिसंबर को पार्टी की 139 वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी शहर के जिला जेल के सामने स्थित गांधी उद्यान में इस दिन एकत्र होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, नपाध्यक्ष शिवपुर चरचा श्रीमती लालमुनी यादव, भूपेन्द्र यादव, रियाजुद्दीन, दीपक गुप्ता, साहेब सिंह काकू, सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## बरबसपुर के डॉ. अखिलेश हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में 9 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईएनसीपीटीए एम्स 2023 का आयोजन किया गया। इसमें देश और विदेश से लगभग 500 फिजियोथेरेपी चिकित्सकों ने शिरकत की। इस सम्मेलन में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए असाधारण योगदान के लिए पूरे देश से एमसीबी जिले के बरबसपुर निवासी डॉ.अखिलेश साहू को सोशल एक्सीलेंस अवार्ड के लिए चुना गया और उन्हें फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए असाधारण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।




अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अखिलेश का सम्मान करते अतिथि।

## रकया के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**बैकुण्ठपुर।** 26 दिसंबर को कन्या विद्यालय बैकुंठपुर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अयोजक एवं अतिथि जिला शिक्षा प्रतिनिधि व्हीएम भट्ट, बीआरसी प्रमुख नीलेश शुक्ला, बीईओ देवेश जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सेजेस महलपारा से दीपाली गुप्ता, रुपेश यादव ने भाषण दिया। गर्ल्स बैकुंठपुर से सोनाली एवं ग्लोबल विद्यालय जमगहना से कविता ने गीतों के माध्यम से प्रस्तुति दी। मिडिल स्कूल पुलिस लाइन से शीतल पटवा ने भाषण में भाग लिया, तात्कालिक निबंध प्रतियोगिता में भी बच्चों ने भाग लिया, मिडिल स्कूल रकया के बच्चों में सावित्री, आरती, सुनैना, खुशी ,संध्या, खुशबू, रविना, आशा, प्रिंसी, ओम, तुकेश, फलेन्द्र, जगदीश के द्वारा मोनो एक्टिंग व नाटक के द्वारा कहानी गीतों के माध्यम से रोल प्ले किया गया। संकुल प्राचार्य ब्रिज नारायण मिश्रा के मार्गदर्शन में रकया से बच्चों के प्रशिक्षक कानन गुप्ता के द्वारा बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में गर्ल्स बैकुंठपुर के प्राचार्य, सीएसी अध्यक्ष भोला राम साहू, एलआर गौतम, अमृत बैरागी समेत जिलेभर से शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## स्वामी आत्मानंद में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम

**एमसीबी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं गुरू गोविंद सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए बड़ा गौरव का दिन है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने वीर बालकों की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को आलोक जायसवाल, सरजू यादव, नीरज अग्रवाल, जेके सिंह, राहुल सिंह, डॉ. रश्मि सोनकर, गुरमीत सिंह जुनेजा ने भी अपना अनुभव साझा किया। अपर कलेक्टर अनिल सिदार ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा कि शिक्षा संस्कति का संवाहक होता है। उन वीर बालकों का शहादत की गाथा आज याद कराने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा फोटो, पोस्टर प्रदर्शनी तथा स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। कुमारी दिलप्रीत कौर ने साहिबजादों के सम्मान में अरदास किया। कुमारी श्रुति रोहरा, कुमारी संस्कृति विश्वकर्मा एवं हिमांशु दास के द्वारा चित्रमय काव्य पाठ किया गया। दीपा पुरी, कुमारी पूर्णिमा जायसवाल, कुमारी हरगुन कौर के द्वारा कविता पाठ किया गया। विद्यालय के दया सिंह एवं ग्रुप के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन किया गया। इसके बाद समस्त कविता पाठ करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जसपाल कालरा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा नारायण प्रसाद तिवारी ने मंच का संचालन किया।

## गहरे गड्ढ़े से विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

**चरचा कॉलरी।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत सरडी बांधपारा में ग्राम पंचायत की मनमानी से लोग परेशान हैं। दरअसल करीब महीनेभर पहले यहां के पूर्व माध्यमिक शाला पंडोपारा में ग्राम पंचायत द्वारा बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन बाउंड्री वॉल बनाने के लिए करीब 5 फीट गहरे गड्ढे खोदकर उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया है। शासकीय विद्यालय में ऐसे ही खुले छोड़े गए गड्ढ़ों के कारण लोग परेशान हैं।



वहीं विद्यालय में आने-जाने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि ऐसे ही खुला छोड़े गए गड्ढे में जहां छोटे विद्यार्थियों को गिरने का खतरा बना हुआ है, तो वहीं करीब महीनेभर से मैदान में खेलने के लिए विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग किनारे खोदे गए गड्ढ़ों के कारण लोगों के भी इसमें गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। विदित हो कि ग्राम पंचायत ने अब यहां काम करना भी बंद कर दिया है, लोगों की माने तो ठेकेदार और ग्राम पंचायत के बीच सामंजस्य नहीं होने के कारण यहां बाउंड्री बनाने के लिए चल रहा निर्माण कार्य अभी बंद है, तो वहीं ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि कुछ दिनों में बाउंड्री बनाने का कार्य फिर से शुरू हो जाएगा।




## सर्व आदिवासी समाज ने किया विधायक का सम्मान

**सीतापुर।** विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर इतिहास रचने वाले पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो का सर्व आदिवासी समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

उसे मैं इस जीवन मे कभी नही भूल सकता। मेरा हमेशा यही प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की जनता एवं क्षेत्र के विकास के लिए जितना हो सकेगा करूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी ताकि लोगों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो।इसके लिए भी वो हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

इस दौरान विधायक ने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो या दिक्कत हो। वो सीधा मुझसे संपर्क कर अपनी बात रख सकते है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह, शिवभरोश बेक, कृष्ण कुमार पैंकरा, समेत सरपंच पंच समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध धान खपाते ...

मालिक के बात में भी विरोधाभास था। ऐसे में गाड़ियों को विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिया है। ज्ञात हो कि पूरे जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में काफी संख्या में किसान उपज के सही दाम प्राप्त करने के लिए धान विक्रय करने पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन इस बात की लगातार निगरानी में लगे हैं कि कहीं से भी अवैध धान परिवहन भंडारण नहीं हो। विदित हो कि सीमावर्ती जिले व मध्यप्रदेश राज्य से अवैध धान परिवहन की आशंका को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन इसे रोकने के लिए मुस्तैदी से जुटे हैं। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं। इस वर्ष बारिश के कारण अधिकांश किसान फसल की कटाई समय से नहीं कर पाए थे, इस कारण दिसंबर लास्ट में ही उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ी है। ऐसे में कई सारे बिचौलिए सीधे-साधे ग्रामीण और किसानों के खाते में धोखे से धान बेचने में लगे हुए हैं, वहीं प्रशासन भी इनसे निपटने के लिए तैयार बैठा है। लगातार हो रही कार्रवाई से बिचौलियों के बीच भी डर बना हुआ है।

### जनदर्शन में वृद्धा ...

मनेन्द्रगढ़ के निवासियों ने घरों में नल कनेक्शन के लिए आवेदन दिए। अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, मूलचंद चोपड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, तहसीलदार नीरज कांत तिवारी, मनहरण सिंह राठिया, यादवेन्द्र कैवर्त, जनपद सीईओ अनिल अग्निहोत्री, रघुनाथ राम, नितेश उपाध्याय, संजय श्रीवास्तव सहित अन्य जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




